# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
'A' Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629

**हिंदी दिवस पर महाविद्यालय में हिंदी दिवस का आयोजन**

फतेहपुर-पूंडरी, 14 सितंबर 2026। चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पूंडरी में हिंदी दिवस के पावन अवसर पर हिंदी विभाग के तत्वावधान में विविध साहित्यिक एवं भाषिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य छात्राओं में हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति अनुराग उत्पन्न करना, उनकी सृजनात्मक प्रतिभा को अभिव्यक्ति प्रदान करना तथा हिंदी के प्रति गौरव-बोध जागृत करना रहा।इस अवसर पर छात्राओं के लिए परियोजना कार्य,साहित्यकार-विचार लेखन, सूक्ति लेखन, व्याकरणिक विवेचन तथा मुहावरे एवं लोकोक्ति लेखन जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गई। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी भाषिक दक्षता, साहित्यिक अभिरुचि एवं सृजनात्मक क्षमता का परिचय दिया।महाविद्यालय के अध्यक्ष चौ. तेजवीर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय अस्मिता और भावात्मक एकता की सशक्त संवाहिका है। उन्होंने कहा कि भाषा का वास्तविक गौरव तभी सार्थक है, जब उसका प्रयोग जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सहजता और आत्मीयता के साथ किया जाए। उन्होंने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रचनात्मक अभिव्यक्तियों की सराहना करते हुए उन्हें हिंदी के संवर्धन हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहने का आह्वान किया।महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतलासिंगला ने कहा कि हिंदी हमारी समृद्ध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परंपरा की अमूल्य धरोहर है। यही हमारी अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने छात्राओं को हिंदी के अध्ययन, लेखन एवं व्यवहार में निरंतर अभिरुचि बनाए रखने तथा अपनी मातृभाषा के प्रति सम्मान और स्वाभिमान की भावना को सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की संयोजिकाएँ डॉ. रीना गोरा एवं डॉ. सोनियादहिया रहीं तथा आयोजन सचिव श्रीमती रीना देवी ने कार्यक्रम के सुव्यवस्थित संचालन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।श्रीमती सुशीला और डॉ. वंदना ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. प्रेम, डॉ. निधि और श्रीमती कृष्णा भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन हिंदी भाषा के संरक्षण, संवर्धन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संकल्प के साथ हुआ। समारोह ने छात्राओं में हिंदी के प्रति आत्मीयता, गौरव एवं साहित्यिक चेतना को और अधिक प्रगाढ़ किया।

# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
'A' Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629





# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
'A' Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629



